सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 140 | इंदौर, मंगलवार 28 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# कई जिलों में रातभर से बारिश

## 29-30 नवंबर को फिर एक्टिव होगा सिस्टम

### छिंदवाड़ा में सबसे कम 17.2 डिग्री तापमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में लगातार तीसरे दिन मंगलवार को भी कई जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भोपाल समेत कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे दिन के तापमान में गिरावट जारी रहेगी। हालांकि, रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। दिसंबर के पहले सप्ताह में भी प्रदेश में बारिश होगी। इसकी वजह- 29-30 नवंबर को फिर से वेस्टर्न डिस्टरबेंस का एक्टिव होना है।**

वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) चक्रवात और ट्रफ लाइन गुजरने से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हुआ है। इसकी वजह से मध्यप्रदेश में आंधी, बारिश और ओले गिर रहे हैं। भोपाल में पिछले 24 घंटे में 8.8 मिमी बारिश हुई। यह 10 साल में नवंबर की 1 दिन की सबसे ज्यादा बारिश है।

सोमवार को छिंदवाड़ा प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां एक ही दिन में 9.4 डिग्री की गिरावट के साथ तापमान 17.2 डिग्री पर आ गया। इससे दिन-रात के तापमान में 2 डिग्री से भी कम का अंतर रहा। प्रदेश के 32 से ज्यादा जिलों में दिन में तेज ठंड रही।



### ◆ एमपी में ऐसा मौसम क्यों ?

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि नवंबर के आखिरी सप्ताह में बदले मौसम की वजह वेस्टर्न डिस्टरबेंस, ट्रफ लाइन और चक्रवाती हवाओं का घेरा है। पिछले 24 घंटे में सिस्टम स्ट्रॉन्ग थे। हवाओं के आपस में टकराने से इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग के कई जिलों में बारिश हुई। यह सिस्टम दो से तीन दिन तक एक्टिव रहेगा। कई जगह ओले भी गिर सकते हैं। हालांकि, इंदौर और उज्जैन संभाग में बारिश की एक्टिविटी घट जाएगी, लेकिन भोपाल, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग में हल्की बारिश जारी रहेगी।

### ◆ अब आगे क्या...

नए सिस्टम की वजह से यह संभाग भीगेंगे

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि 29-30 नवंबर को एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। वहीं, मध्य राजस्थान के ऊपर चक्रवाती घेरा भी सक्रिय होगा। इससे प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। प्रदेश के मध्य और दक्षिणी हिस्से सागर, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम, इंदौर और भोपाल संभाग में बारिश जारी रहेगी। बारिश की वजह से दिन के टेम्प्रेचर में गिरावट जारी रहेगी, लेकिन रात में नमी की वजह से पारा स्थिर रह सकता है। ओलावृष्टि का अनुमान भी है, इसलिए किसानों को जरूरी सलाह दी गई है।

### 3 दिन ऐसा रहेगा मौसम...

28 नवंबर-भोपाल, विदिशा, रायसेन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी में हल्की बारिश के साथ गरज-चमक की स्थिति रहेगी।

29 नवंबर-इंदौर, खरगोन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, सीहोर, बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, दमोह, पन्ना, सागर, भोपाल में गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। भोपाल में भी हल्की बारिश हो सकती है।

30 नवंबर-भोपाल, इंदौर, उज्जैन, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, दमोह, सागर, अशोकनगर, गुना, शाजापुर, सीहोर, देवास में गरज-चमक और बादल छाए रहेंगे।

# 1.25 करोड़ का गबन

### कोषालय के सॉफ्टवेयर सेंधमारी, भाई-बहन और दोस्तों के खातों में भेजी रकम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जीवित और मृतक कर्मचारियों के नाम की राशि को कोषालय के साफ्टवेयर में सेंधमारी करके अपने नाम कराने वाला मास्टर माइंड का खुलासा हो गया है। बालाघाट जिले के विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने एक नहीं बल्कि 130 बार ट्रांजक्शन किया और राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। यहां तक की पत्नी, भाई और दोस्तों के खातों में लाखों रुपए भेजे।

मामले की जांच शुरू हुई तो आरोपी ने तत्काल उन खातों में राशि वापस भेजना शुरू कर दिया। यह काम एक दिन या एक महीने नहीं बल्कि पूरे पांच साल चलता रहा। खास बात यह हैं कि कोषालय के एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली में सेंधमारी का यह पहला प्रकरण नहीं है। जबलपुर संभाग के तीन जिलों में एक साल के भीतर चौथे मामले का खुलासा हुआ है। इस मामले को लेकर एफआईआर क्यों नहीं हुई, इस बाबत् पूछे जाने पर कलेक्टर की तरफ से कोई जवाब नहीं आया।

### ऐसे किया खेल

विकास खंड शिक्षा अधिकारी और लिपिक दुर्गेश वामनकर है। आरोपी ने दूसरे दो से तीन विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की आईडी पासवर्ड का उपयोग किया। इन अधिकारियों ने भरोसे में दुर्गेश को अपने नाम की आईडी दी थी। आरोपी विकासखंड कार्यालय में एकाउंटेंट का कार्य भी करता था। आरोपी ने भाई अंबेश वामनकर के खाते में 52 लाख भेजे। पत्नी लक्ष्मी वामनकर के खाते के अलावा निकट मित्रों के खातों में अलग- अलग समय पर लाखों रुपए ट्रांसफर किए।

फर्जी बिल लगाकर राशि निकालना। मृत कर्मचारियों की जीपीएफ या अन्य भुगतान के बिलों में हेराफेरी कर राशि अपने खाते में कर लेता था। यहां तक की सरकारी बिजली कंपनियों के सामग्री खरीदी भुगतान के बिल में अपने नाम के बैंक खाते को दर्ज कर लेता था। आरोपी एक्सल शीट में जाकर सिर्फ बैंक खाता नंबर बदलता और जैसे ही कोषालय से राशि ट्रांसफर होती तब वह सीधे दुर्गेश वामनकर के खाते में चली जाती।

21 रिटायर कर्मचारियों के फर्जी क्लेम तैयार किए। पकड़े न जाए इसलिए कैश बुक और बिल ही तैयार नहीं करता था। जो कर्मचारी काम ही नहीं करते थे उनके नाम पर बिल भुगतान करा लिया। एरियर की राशि, मृत कर्मचारियों की पत्नी के खाते की जगह अपना खाता डालकर राशि निकालता रहा। इस पूरे खेल में लेखापाल खडग़ सिंह, अनीता दुबे के नाम सामने आए हैं। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों में राजेंद्र लटारे, खेम सिंह पटले,नरेश प्रसाद की आईडी पासवर्ड का उपयोग किया गया।

# एक साल में भोपाल ने 490 करोड़ रुपए टैक्स चुकाया

## निगम 2013 से बकायादारों से 821 करोड़ नहीं वसूल पाया, 171.57 करोड़ तो सिर्फ पानी के

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल नगर निगम हर साल टैक्स की वसूली करता है और कई बार यह टारगेट से अधिक होती है। 2022-23 में ही निगम ने 490 करोड़ रुपए से ज्यादा वसूली की थी।**

प्रॉपर्टी की असल संख्या निकालने और अपनी वसूली बढ़ाने के मकसद से पहली बार भोपाल नगर निगम ने मप्र सरकार के आईटी विभाग की शाखा मैप आईटी से 2013 से लेकर अब तक का एक डीटेल एनालिसिस करवाया है। करीब महीनेभर चले इस एनालिसिस के बाद सामने आया है कि 2013 से अब तक निगम को भोपाल के लोगों से अभी 821 करोड़ रुपए और लेने हैं। इनमें 171.57 करोड़ रुपए तो केवल पानी के ही बकाया हैं। नगर निगम ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 490 करोड़ से ज्यादा की वसूली की थी। इस दौरान भोपाल के 85 वार्ड में सैकड़ों प्रॉपर्टी ऐसी मिली हैं, जो भोपाल नगर निगम के रिकॉर्ड में बगैर नाम से दर्ज है...यानी बेनामी हैं। अब भोपाल नगर निगम इसकी भी जांच करवा रहा है।

इससे पहले 2015-16 में तत्कालीन निगम कमिश्नर छवि भारद्वाज ने भोपाल की संपत्तियों का सर्वे करवाया था। तब 5000 से ज्यादा प्रॉपर्टी ऐसी दर्ज हुई थीं, जो बेनामी थीं। हालांकि, निगम अफसरों का तर्क है कि ये संपत्तियां बेनामी इसलिए दर्ज हो गईं, क्योंकि इनमें से बहुत सी संपत्तियों को मोहल्ले-कस्बे या क्षेत्र के नाम पर भी दर्ज कर लिया गया।

## डॉ. कुम्भानी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं रियल एस्टेट में बेहतर कार्य के लिए लंदन में सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ,डॉ महेश कुंभानी को यूनाइटेड किंगडम में संयुक्त राष्ट्र वैश्विक शांति परिषद द्वारा सम्मानित किया गया । लंदन में आयोजित प्रतिष्ठित कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ महेश कुम्भानी को इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल एस्टेट मे उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया गया है । पुरस्कार के साथ ही यूनाइटेड स्टेट्स इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (यूएसएआईयू) से निर्माण प्रबंधन में मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी प्रदान की गई । यह पुरस्कार वैश्विक सहयोग में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## जूठन नहीं छोड़ने व यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। माली मोहल्ला एमओजी लाइंस स्थित तपनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति के तत्वावधान में 24वें चातुर्मास महोत्सव के समापन पर महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर हवन-पूजन के साथ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में हुआ। इस मौके पर मालवांचल से आए अनेक संतों-महंतों ने भी महोत्सव में भाग लिया।**

अखंड रामायण पाठ के विराम के पश्चात संध्या को महाप्रसादी का क्रम शुरू हुआ, जिसमें मालवांचल के अनेक संत- महंतों ने सानिध्य प्रदान किया। इनमे अखंडधाम के महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. चेतन स्वरूप, संत राजानंद, कैलाश टेकरी लिम्बी से आए महंत केशवदास, दगड़ी आश्रम काटकूट के संत हनुमानदास, वीर हटीले हनुमान मंदिर के संत दीक्षित तथा पूर्व पार्षद राधा प्रजापति, सैनी फूलमाली समाज के रामचंद्र सैनी, मप्र एसो. के अध्यक्ष के रमेश प्रजापति, सांई भक्त हरि अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में शहर की धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मंदिर में छप्पन भोग समर्पित कर आरती में भाग लिया।

# खालसा कॉलेज में मनाया गुरुनानक देव का प्रकाशपर्व

### गुरुजी की शिक्षाओं का अनुसरण करके अपने अंदर प्रभु गुणों को प्रकाशवान करना सीखो



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सिख समाज द्वारा गुरुनानक देव का 554वां प्रकाश पर्व सोमवार को बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ खालसा कॉलेज में मनाया गया। इस दौरान सुबह-शाम विशेष दीवान सजाए गए। सुबह अमृत संचार किया गया। कीर्तनकारों और कथा वाचकों द्वारा गुरवाणी को प्रस्तुत किया गया। इसमें बड़ी संख्या में संगत ने मथा टेका। इस अवसर पर निकलने वाले नगर कीर्तन में अनुशासन और साउंड सिस्टम के साथ शुद्ध उच्चारण के लिए प्रथम पुरस्कार विष्णुपुरी गुरुद्वारा और द्वितीय पुरस्कार गुरुद्वारा न्यू रानी बाग को दिया गया। गुरु का अटूट लंगर प्रसादी वितरित किया गया।

इस मौके पर श्री दरबार साहिब से आए गुरमति विचारक ज्ञानी परमजीत सिंह खालसा आनंदपुर साहिब वालों ने गुरु नानकदेवजी महाराज के जन्म के समय की स्थिति का वर्णन करते हुए बताया कि गुरु नानकदेवजी के मूल मंत्र बहुमूल्य उपदेश सभी के लिए एक समान है। सभी के अंदर एक रब है, कोई बड़ा छोटा नहीं होता है, सब एक बराबर हैं। भेदभाव निकाल कर एक बनें, सच्चे बनें, खुद में परमात्मा को खोजें। किसी से न डरे और न किसी को डराएं।

**अपनी आत्मा से गुरु के गुणों का प्रकाश करना सीखो**

इस अवसर पर कीर्तनकार भाई बलजीत सिंह नामधारी दिल्ली वालों ने गुरुवाणी शबद कीर्तन में राग आधारित कीर्तन करते हुए कहा कि गुरुजी की शिक्षाओं का अनुसरण करे, अपने अंदर से प्रभु-गुणों को प्रकाशवान करना सीखो। गुरुदेव से प्रेम करना सीखो। गुरु की वाणी को दिल लगाकर पढ़े, सुनें, समझें और मानें। तभी सच्चा गुरुदेव का प्रकाश पर्व होगा।

इस अवसर पर चंडीगढ़ से आए बलविंदर सिंह कीर्तनकार ने कीर्तनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें विभिन्न जांचे की गई। बारिश होने पर भी सभी संगत ने गुरु का अटूट लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर निकलने वाले नगर कीर्तन में अनुशासन और साउंड सिस्टम के साथ शुद्ध उच्चारण के लिए प्रथम पुरस्कार विष्णुपुरी गुरुद्वारा और द्वितीय पुरस्कार गुरुद्वारा न्यू रानी बाग को दिया गया।

## वार्षिक एथलेटिक्स मीट -2023

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजय नगर स्थित सेंट अर्नोल्ड स्कूल में वार्षिक एथलेटिक्स मीट-2023 का आयोजन किया गया। गत दिनों पूर्व हुए इस आयोजन में इसमें क्लास 63ँ से 123ँ तक के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। दीप प्रज्वलन के साथ आयोजन की शुरूआत की गई। अतिथियों को स्कूल प्रबंधन के सदस्यों, शिक्षक प्रतिनिधियों व स्कूल छात्र परिषद द्वारा मंच पर विराजित किया गया। वार्षिक एथलेटिक्स मीट-2023 के आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. विजय फ्रांसिस पीटर, विशिष्ठ अतिथि अंचित जैन, सेंट अर्नोल्ड्स स्कूल के पूर्व छात्र का स्वागत किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य फादर. पायस सिरियेक, एसवीडी द्वारा उन्हें एक पौधा भेंट किया। वहीं मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को स्कूल प्रबंधन की ओर से रॉबर्ट बैप्टिस्टा (एसवीडी) और स्कूल प्री-प्राइमरी प्रभारी, रश्मिता (एफएसएमए) द्वारा एक स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

## डॉ. यादव प्रदेश सचिव मनोनीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ के निदेर्शानुसार वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं समाजसेवि डॉ. सी एल यादव को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव परर पदौन्नत किया गया है । डॉ. सी एल यादव की नियुक्ति पर शहर एवं प्रदेश के कार्यकर्ताओ ने उन्हे बधाई दी।

कटाक्ष




# युवाओं ने से सीखा सफल विवाह और विवाहित जीवन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, सनवादिया की निदेशक डॉ. श्रीमती जनक पलटा मगिलिगन ने 27 नवंबर, 2023 सेंटर में सस्टेनेबल विवाह और विवाहित जीवन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करके अपनी 35वीं शादी की सालगिरह मनाई। मुख्य कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को जीरोवेस्ट, स्वस्थ और खुशहाल विवाह समारोह आयोजित करने और वैवाहिक जीवन को सुखी,सफल बनाए रखने के बारे में प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत समीर शर्मा द्वारा बहाई प्रार्थना से हुई, जनक पलटा मगिलिगन गौतम काले और संगीत गुरुकुल के छात्रों ने मन को उत्साहित करने वाली संगीतमय प्रस्तुतियाँ और लोक गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएवीवी, इंदौर की कुलपति डॉ. रेणु जैन ने सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के इस अत्यंत प्रासंगिक, वर्तमान मुद्दे को संबोधित करते हुए जनक दीदी की कार्यशाला की सराहना की और युवाओं को ऐसे रोल मॉडल का पालन करने की आवश्यकता है। प्रोफेसर राजीव संगल, पूर्व निदेशक, बीएचयू आईआईटी और हैदराबाद आईआईटी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जिसमें मानव आध्यात्मिक प्राणी के के महत्व पर प्रकाश डाला । जल मंत्रालय से देबजानी पात्रा, विनीता कोठारी, प्रो जयश्री सिक्का, डॉ. नीरजा पौराणिक और एमएसडब्ल्यू डीएवीवी के सामाजिक विज्ञान छात्र और सनावदिया से भी युवा भी उपस्थित थे।

## सांई भक्त सेवा समिति की बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में श्री इंदौर शहर सांई भक्त सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इंदौर से शिर्डी 13 दिवसीय सांई पदयात्रा महोत्सव की बैठक एयरपोर्ट रोड़ स्थित हुजूरगंज सांई मंदिर पर आयोजित की गई। बैठक में सभी सांई भक्तों ने यात्रा की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही अपने सुझाव व प्रस्ताव भी रखे। समिति अध्यक्ष छोटू शुक्ला, प्रकाश तोमर ने बताया कि 13 दिवसीय इंदौर से शिर्डी पदयात्रा 25 दिसंबर से 6 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। पदयात्रा में शामिल होने के लिए समिति द्वारा सांई भक्तों का रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। सांई भक्तों के लिए समिति द्वारा दो कार्यालयों से फार्म का वितरण किया जाएगा। सांई भक्त चिकमंगलूर चौराहा व एयरपोर्ट रोड़ कालानी नगर स्थित सांई कृपा डेयरी पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इंदौर से शिर्डी पदयात्रा के लिए अभी तक 50 से अधिक सांई भक्त अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके है।

# एक हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को सिखाए मतगणना करने के तौर-तरीके

## ◆ नेहरू स्टेडियम में 3 दिसंबर को होगी मतों की गणना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इन्दौर में विधानसभा निर्वाचन के तहत 3 दिसंबर को होने वाली मतों की गणना कार्य के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी है। इन्दौर के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतों की गणना के लिये आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना के तौर-तरीके सिखाए गये। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने भी स्वयं पहुंचकर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर इन्दौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी आर.पी.अहिरवार, प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी सुदीप मीणा भी मौजूद थे।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम होलकर साइंस कॉलेज के 10 कमरों में एक साथ आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इन अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना के लिये मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर और पोस्टल बैलेट की गिनती का



दायित्व सौंपा जा रहा है। मतगणना का प्रशिक्षण 32 मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया। पहले सत्र में ईवीएम के माध्यम से मतगणना के तौर-तरीके बताये गये। साथ ही दूसरे सत्र में पोस्टल बैलेट की गिनती का कार्य सिखाया गया। प्रशिक्षण का दूसरा चरण 30 नवम्बर को आयोजित किया जायेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने मतगणना की बारिकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मतगणना तेज गति के साथ पूर्ण पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए की जाये। मतगणना में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश, प्रक्रिया, नियम और अधिनियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कहा गया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना सम्पन्न की जाये। मतगणना, निर्वाचन प्रकिया का एक महत्वपूर्ण कार्य है। दिये गये अनुदेशों की छोटी से छोटी बातों का पालन करें, जिससे कि मतगणना दोष - रहित हो और निर्वाचन के परिणाम के बारे में अभ्यर्थी या उसके अभिकर्ता के मन में कोई संदेह न रहे। मतगणना में नियुक्त सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय के एक घंटे पूर्व मतगणना स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुंच जाएं। अपने साथ आवश्यक आदेश, पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई अन्य वस्तु लेकर नहीं आएं।

# गिरते पानी और कड़कड़ाती ठंड में बिजली कर्मचारियों ने दी सेवाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रविवार शाम करीब 4 बजे से सोमवार शाम तक तेज हवाओं ,बारिश, मौसम बिगड़ने से इंदौर शहर वृत्त के 11केवी लाइनों के 525 फीडरों में से अलग-अलग 35 फीडरों से अलग-अलग समय बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। तेजी से गिरते पानी के बाद भी की बिजली कर्मचारी ट्रांसफार्मर, पोल, फीडरों के कार्यों में डटे रहे।**

प्रभावित फीडर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था करीब एक से अधिकतम 4 घंटे में बहाल की गई। मध्य रात पानी गिरने, कड़कड़ाती ठंड के बावजूद सुधार कार्य चलता रहा । रात से सुबह तक 350 कर्मचारी, अधिकारी कार्य पर लगे। सोमवार सुबह से शाम तक 1000 कर्मचारियों ने लाइनों का कार्य किया।3-3 जगह पोल, वितरण ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। 24 घंटे में बारिश के कारण आई व्यक्तिगत शिकायतों 2500 फ्यूज ऑफ कॉल (एफओसी) का जोन की टीमों ने भी समाधान किया। सतत गिर रहे पानी के कारण बड़ी लाइनों पर झुकी पेड़ों की डालों को भी त्वरित कार्रवाई कर देर रात, सुबह और सोमवार सुबह हटाया गया, इंसुलेटर , डिस्क आदि उपकरण तुरंत बदले गए।

# 2000 से अधिक किसानों को नवीनतम कृषि तकनीक का प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एग्रोस्टार, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि प्रोडक्ट्स और कृषि सलाह प्रदान करने के लिए जाना जाता है। एग्रोस्टार ने स्थानीय किसानों को प्रगतिशील कृषि पद्धतियों के बारे में शिक्षित करने और किसानों द्वारा प्राप्त उत्कृष्ट परिणामों को प्रदर्शित करने के लिए भोपाल और इंदौर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र में 20 से अधिक फसल शो आयोजित किए। मक्का, गेहूं, धान, मिर्च और अन्य फसलउत्पादक किसानों को इस प्रोग्राम में शामिल किया गया। बाजार में अच्छी मांग के साथ-साथ क्षेत्र के लिए उपयुक्त होने के कारणपिछले कुछ वर्षों में इन फसलों ने क्षेत्र के किसानों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है।ये कार्यक्रम भोपाल और इंदौर के विभिन्न तालुकाओं में जैसे बड़वाह, सिवनी मालवा, कालापीपल, हरदा, नर्मदापुरम, खंडवा, पंधाना, होशंगाबाद और अन्य क्षेत्र में किए गए।एग्रोस्टार के प्रतिनिधियों ने एग्रोस्टार ग्रीन हार्वेस्ट मिर्च, एग्रोस्टार 1232 मक्का, एग्रोस्टार 3221 गेहूं जैसे उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के साथ-साथ अमेज-एक्स, रोजतम, ग्लैडिएटर पंप, रैपिजेन और अन्य जैसे लोकप्रिय प्रोडक्ट्स का भी प्रदर्शन किया।

# इंदौर से हैदराबाद तक का सफर होगा आसान

## अकोला हाइवे जुड़ने से दस घंटे में होगा सफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बुरहानपुर से अकोला को जोडने के लिए 67 किलोमीटर की फोरलेन सडक तैयार हो रही है। इसके बनने से इंदौर से सीधे हैदराबाद की कनेक्टिविटी हो जाएगी,क्योंकि इंदौर इच्छापुर हाइवे बुरहानपुर से होकर अकोला से सीधे जुड़ जाएगा और अकोला से हैदरबाद के लिए पहले ही एक्सप्रेस हाइवे आकार ले रहा है। पहले खंडवा-बुरहानपुर से होकर अकोला जाने में 237 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ती थी, लेकिन 67 किलोमीटर सडक का हिस्सा तैयार होने से यह दूरी घटकर 146 किलोमीटर कम हो जाएगी। इसके बाद नार्थ-साउथ कॉरिडोर का रोड नेटवर्क मजबूत हो जाएगा।

कोटा, इंदौर, खंडवा, बुरहानपुर, इच्छापुर, अकोला से हैदराबाद जुड़ जाएगा। इस सडक का दौरा इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने किया। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर से अकोला तक सडक बनने का फायदा इंदौर को भी होगा। अभी सडक मार्ग से हैदराबाद तक जाने में 20 से 25 घंटे लग जाते है, लेकिन फोनलेन कनेक्टिविटी से आठ से दस घंटे में इंदौर से हैदराबाद आ जा सकेंगे। फिलहाल इंदौर से हैदराबाद की दूरी 800 किलोमीटर है, लेकिन बुरहानपुर में तैयार हो रहे फोरलेने के कारण यह दूरी 50 किलोमीटर घट जाएगी। इससे सफर और आसान हो जाएगा।



### व्यापार के लिए फायदेमंद

नेशनल हाइवे रोड कनेक्टिविटी से व्यापार को भी फायदा होगा। बुरहानपुर केला उत्पादन क्षेत्र है। केले व अन्य फल आसानी से साउथ की मंडियों कर पहुंचाए जा सकेंगे। एक से दो दिन के भीतर फल साऊथ में भेजे जाने से वे खराब भी जल्दी नहीं होंगे। समय के साथ ईधन की भी बचत होगी। 60 लीटर डीजल की बचत होगी।

# मतगणना के दिन 3 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में मतगणना के दिन शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन मदिरा की सभी दुकानें बंद रहेंगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने आदेश जारी किये हैं। उन्होंने इस आदेश के प्रभावी पालन कराने के निर्देश दिये है। जारी आदेश के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना के दिन 03 दिसम्बर 2023 को सम्पूर्ण दिवस की अवधि के लिये सम्पूर्ण जिले में शुष्क अवधि/दिवस रहेगा। इस दौरान इन्दौर जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, आहारगृह यथा एफएल 2, 3, 4 एवं एफएल 6, 7, 8, 9, 10 ए एवं 10 बी, बी.-3, बी.-3 में एफएल-9क, वाईन के फुटकर बिक्री (रिटेल आउटलेट), एफएलएपीसी तथा देशी/विदेशी मद्य भाण्डागार को बन्द करने के आदेश दिये गये हैं। इस अवधि में मदिरा की

# श्रीश्री शिव धाम में मना अन्नकूट महोत्सव

## भगवान श्री राम दरबार,राधा कृष्ण, भोलेनाथ, हनुमानजी को लगाएं छप्पन भोग, हुई महाआरती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एयरपोर्ट रोड सोमानी नगर स्थित श्रीश्री शिव धाम में प्रतिवषार्नुसार अन्नकूट महोत्सव महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री राधे राधे बाबा के पावन सानिध्य में मनाया गया,भगवान श्री राम दरबार,राधा कृष्ण,भोलेनाथ, हनुमानजी को छप्पन भोग लगाएं गए, महाआरती हुई।**

मंदिर के दिलीप भावसार ने बताया कि श्री शिव धाम में अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया जिसमे भगवान श्री राम दरबार,राधा कृष्ण,भोलेनाथ, हनुमान का विशेष श्रृंगार कर 56 तरह के पकवानों का भोग लगाया गया, महामंडलेश्वर श्री राधे राधे बाबा ने महाआरती की, सैकड़ो भक्तों ने आरती में हिस्सा लिया। महोत्सव में बरसते पानी में सैकड़ो भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की, यह नजारा देखते ही बन रहा था ऊपर से इंद्रदेव पानी बरसा रहे थे तो भक्त भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे थे।

अन्नकूट महोत्सव में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने भगवान राधा कृष्ण श्री राम दरबार के दर्शन किए, महामंडलेश्वर श्री राधे राधे बाबा ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। महोत्सव में महापौर पुष्यमित्र भार्गव,विधायक रमेश मेंदोला, पंडित कृपाशंकर शुक्ला, गोपाल सिंगी,दिनेश गुप्ता, अश्विनी शुक्ल, इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला, बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

# रिजल्ट के पहले भगवान की शरण में नेता

## ◆ शिवराज ने मंदिर-गुरुद्वारे में टेका माथा, भार्गव ने महाराष्ट्र में की धार्मिक यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। 3 दिसंबर को मप्र विधानसभा चुनाव की मतगणना होनी है। मतदान से लेकर मतगणना के बीच नेता अपनी और अपनी पार्टी की जीत के लिए मंदिरों देवालयों में माथा टेकने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव सहित तमाम बीजेपी और कांग्रेस के नेता मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचे रहे हैं।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सतना की मैहर में शारदा माता के मंदिर और उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। सोमवार को उन्होंने औबेदुल्लागंज में प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुद्वारे में माथा टेका। शाम को सलकनपुर देवी धाम के दर्शन किए।

एमपी के पीडब्ल्यूडी मंत्री और रहली से बीजेपी प्रत्याशी गोपाल भार्गव ने मतदान के बाद महाराष्ट्र में पुणे के पास स्थित अष्टविनायक दर्शन यात्रा की। इस यात्रा में उन्होंने थ्योर में भगवान श्री चिंतामणि गणेश के दर्शन किए और शाम को राजनंदगांव में श्री महागणपति, ओझर में विघ्नहर्ता गणपति व लेंयादरी में भगवान गिरिजात्मज गणपति जी के दर्शन पूजन कर प्रार्थना की।

चिचवाड़ स्थित श्री सिद्धिविनायक व मोरेगांव स्थित भगवान मायूरेश्वर गणपति के दर्शन पूजन किया। और भगवान वरदविनायक एवं बल्लालेश्वर विनायक के बाद मुंबई में प्रभा देवी स्थित प्रसिद्ध सिद्धिविनायक भगवान् के दर्शन किए।

नरोत्तम मिश्रा ने 19 नवम्बर को दतिया में मां पीतांबरा के दर्शन किए फिर शिव मंदिर पूजा की।

कैलाश विजयवर्गीय नवम्बर 27 को ओंकारेश्वर में नर्मदा परिक्रमा कर मंदिर दर्शन में पूजा अर्चना की फिर इंदौर में अन्नकूट महोत्सव में शामिल होकर महाआरती की और प्रसिद्ध रणजीत हनुमान मंदिर में पूजा की। इससे पहले 24 नवम्बर को पितरेश्वर हनुमान पर ध्वजा अर्पण की।

नरेंद्र सिंह तोमर - 17 नवम्बर को वोटिंग के बाद पड़ाव स्थित हनुमान मंदिर में पूजन किया फिर 25 नवम्बर को महामंडलेश्वर मां कनकेश्वरी देवी से आशीर्वाद लिया।



प्रह्लाद पटेल - 27 नवम्बर को अयोध्या पहुंच कर सरयू के तट पर पूजा अर्चना की और श्री रामजानकी वनगमन पदयात्रा में शामिल हुए इससे पहले 23 को जरारुधाम में गौमाता की पूजा कर हवन किया।

वीडी शर्मा - बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने 27 नवंबर को को प्रकाश पर्व में भोपाल हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेका इससे पहले 21 नवम्बर को खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजा की।

कमल पटेल - मतदान के बाद उज्जैन पहुंच कर महाकाल के दर्शन किए फिर नलखेड़ा में मां बगलामुखी की पूजा की इसके अलावा तेलंगाना में चुनाव प्रचार के दौरान श्रीनाथ सिद्धेश्वर देवालय पहुँच कर भगवन शिव के दर्शन किए। इसके अलावा बालगुंडा में श्रीराम लिंगेश्वर मंदिर पहुंच कर पूजा की।

निलय डागा- विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा ने बैतूल के लल्ली चौक शिवमंदिर से ताप्ती घाट खेड़ी तक 26 किलोमीटर की चुनरी यात्रा निकाली। डागा ने दैनिक भास्कर से कहा- ये यात्रा हर साल निकाली जाती है।

बाबू जंडेल- श्योपुर विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी बाबू जंडेल मतदान के बाद राजस्थान के खाटू श्याम पहुंचे और दर्शन कर दोबारा अपनी जीत की अर्जी लगाई।

# कुत्तों के भोजन के लिए करता था गायों की हत्या, गिरफ्तार

## जंगली जानवरों का शिकार करने पाले कुत्ते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पिपरिया। देवरी थाना अंतर्गत ग्राम भानपुर में बंजरियाऊ की पहाड़ी पर पत्थरों से कुचल कर गाय की हत्या करने वाले गौ- हत्यारे को पुलिस ने पकड़ लिया है। जैतपुर पिपरिया निवासी अरविंद सिंह राजपूत ने बताया की रविवार शाम को उन्हें सोमेश पाल और अनिल पाल ने सूचना दी की बंजरियाऊ की पहाड़ी पर बालकिशन नाथ तुम्हारी गाय को पत्थरों से कुचल कर मार रहा है।**

यह घटना उन दोनों ने देखी और आकर अरविंद राजपूत को बताई, तब अरविंद राजपूत ने मौके पर पहुंचकर देखा तो लहू-लुहान हालत में गाय मृत मिली और उसके पास कुचलने वाले पत्थर भी खून से लतपथ मिले जिसकी सूचना अरविंद राजपूत ने रविवार को देवरी पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कहा रात हो जाने के कारण सुबह जांच करेंगे।

सुबह घटना की जानकारी गौ-सेवक पंडित रजनीश मिश्रा को मिली तब उन्होंने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी तब जाकर सोमवार दोपहर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं कार्रवाई की और डॉक्टर द्वारा मृत गाय का पोस्टमार्टम कराया गया। अरविंद राजपूत ने बताया की बालकिशन नाथ पहले भी सैकड़ों गायों की हत्या कर चुका है। और रविवार को उसने मेरी गाय की हत्या कर दी जिस पर देवरी पुलिस ने सिर्फ एक गाय की हत्या का मामला दर्ज किया है।

# रंजिश में पीट-पीटकर युवक की हत्या,विरोध में चक्काजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर के बहेरिया थाना क्षेत्र निवासी युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटनाक्रम सामने आते ही पुलिस ने मामला जांच में लिया। वहीं परिवार वालों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सागर-बंडा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर लोगों को शांत कराया। मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।**

पुलिस के अनुसार ग्राम गौरा निवासी सौरभ पिता भूपेन्द्र दांगी उम्र 29 साल रविवार रात मारपीट में आई चोटों के कारण घायल अवस्था में पड़ा मिला था। जिसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान सौरभ की मौत हो गई। घटनाक्रम की खबर मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए। सोमवार को पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया। पीएम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया। परिवार वाले शव लेकर गांव पहुंचे। जहां उन्होंने सडक पर शव रखकर गौरा तिराहे पर चक्काजाम कर दिया। वे दोषियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां लोगों को समझाइश देकर शांत कराने की कोशिश शुरू की। लेकिन वे वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने की बात पर अड़ गए। जिसके बाद एसडीएम घटनास्थल पर पहुंचे और प्रकरण दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद रात करीब 9 बजे चक्काजाम खत्म किया गया। चक्काजाम के दौरान सागर-बंडा मार्ग पर बड़ी संख्या में वाहनों की कतार लगी है। लोग परेशान होते रहे।

**मकरोनिया पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला-** मकरोनिया थाना पुलिस ने बताया कि मृतक सौरभ के चाचा राजेश सिंह ठाकुर और भाई अवधेश सिंह दांगी ठाकुर ने थाने में शिकायत में बताया कि गांव के ही अजीत सिंह के परिवार से पुरानी बुराई चल रही है। मृतक रविवार की दोपहर सागर गया था। शाम करीब 6 बजे सौरभ का फोन आया कि अजीत सिंह ने मुझे घर पर बात करने बुलाया। वे घर में बंद करके मारपीट कर रहे हैं। जिसके बाद हमने घर से डायल-100 को फोन लगाकर सूचना दी। आनंद नगर क्षेत्र में मारपीट होने की बात बताई। रात करीब 9 से 10 बजे के बीच गांव के बाहर हाकम सिंह और उसका भतीजा अजीत सिंह अपनी बाइक से सौरभ को घायल अवस्था में गांव के बाहर फदू के कुआं के पास छोड़कर चले गए। सौरभ के सिर और शरीर के अन्य भागों में काफी चोटें लगी थी। जिसके बाद उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान सौरभ की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

# भोपाल के सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस होंगे आरक्षित

## 5 दिसंबर से विधानसभा पहुंचेंगे नए विधायक, सचिवालय ने रिजर्व किए कमरे, शासन को लिखी चिट्ठी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। नई विधानसभा के गठन के मद्देनजर तीन दिसंबर को घोषित होने वाले चुनाव परिणाम को देखते हुए विधानसभा सचिवालय ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसमें विधायकों के परिचय पत्र और अन्य सुविधाओं के साथ सबसे अधिक फोकस विधायकों को रुकने के लिए आवास व्यवस्था पर है। चूंकि जीते हुए विधायकों की स्थिति तीन दिसम्बर को ही साफ होगी, इसलिए विधानसभा सचिवालय ने इसको लेकर राज्य शासन को भी चि_ी लिखी है और भोपाल के रेस्ट हाउस व सर्किट हाउस दिसम्बर के 15 दिनों के लिए आरक्षित रखने को कहा है।

मतगणना का समय नजदीक आने के साथ नई सरकार और नई विधानसभा के गठन की स्थिति के मद्देनजर राजधानी में तैयारियां की जा रही हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी जहां मतगणना तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं वहीं विधानसभा सचिवालय भी विधायकों की व्यवस्थाओं को लेकर एक्टिव है। इसी को देखते हुए विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह विधानसभा में अलग-अलग जिम्मेदारियां संभालने वाले अफसरों की बैठक भी ले चुके हैं और मतगणना परिणाम के बाद अगले दिन चार दिसम्बर को फिर बैठक करने वाले हैं ताकि आगामी कार्ययोजना पर अमल के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया जा सके।

**पांच दिसम्बर से शुरू होगा नए विधायकों का पंजीयन-** विधानसभा सचिवालय के अफसरों का मानना है कि चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद पांच दिसम्बर से विधायकों का सचिवालय में पंजीयन के लिए आना शुरू हो सकता है। इसलिए इसके पूर्व एक कक्ष तय किया जाएगा जहां नव निर्वाचित विधायकों का पंजीयन उनके प्रमाण पत्रों की जांच के बाद होगा और उन्हें विधानसभा की ओर से दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। विधायकों के एकाउंट डिटेल समेत अन्य आवश्यक जानकारी भी इस दौरान ली जाएगी। इस मामले में विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह का कहना है कि विधानसभा के गठन के मद्देनजर जो भी आवश्यक तैयारियां हैं वह की जा रही हैं। सब काम समय पर करने के लिए कहा गया है।

**चुनाव न लडऩे वाले 34 विधायकों से आवास खाली करने किया आग्रह-** इस बीच विधानसभा सचिवालय ने चुनाव न लडऩे वाले 34 वर्तमान विधायकों को विधायक विश्राम गृह में आवंटित आवास रिक्त करने के लिए आग्रह किया गया है ताकि नव निर्वाचित विधायकों के ठहरने की सुविधा दी जा सके। विधायकों को तत्काल आवास सुविधा देने के लिए विधानसभा सचिवालय की ओर से राज्य शासन को भी चि_ी लिखी गई है। इस पत्र में विधायकों को रुकने के लिए वैकल्पिक इंतजाम के तौर पर राजधानी के सर्किट हाउस और रेस्ट हाउस के कमरे 15 दिन तक के लिए आरक्षित करने के लिए कहा गया है ताकि विधायकों को वहां रोका जा सके।

**हारे विधायकों से भी खाली कराएंगे आवास-** इसके साथ ही विधानसभा सचिवालय ने तय किया है कि मतगणना के दिन आए परिणाम के बाद जिन विधायकों को चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा, उनसे भी विधायक विश्राम गृह के आवास रिक्त कराए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया तीन दिसम्बर के बाद शुरू होगी ताकि नई विधानसभा के सदस्यों को आवास देने का काम किया जा सके।

## Karnataka

# शादी के बाद पत्नी भी नहीं मांग सकती 'आधार' की जानकारी, जानें किस मामले में हाईकोर्ट ने कही ये बात

**बंगलूरू, (एजेंसी) कर्नाटक हाईकोर्ट ने साफ कह दिया है कि शादी निजता के अधिकार पर असर नहीं डाल सकती है। दरअसल, कई दिनों से इस बात पर बहस चल रही थी कि क्या पति या पत्नी को अपने साथी के आधार कार्ड की जानकारी हासिल करने का अधिकार है? इस सवाल का जवाब हाईकोर्ट में एक याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान मिल गया। अदालत का कहना है कि पत्नी सिर्फ शादी का हवाला देकर अपने जीवनसाथी के आधार कार्ड की जानकारी एकतरफा हासिल नहीं कर सकती हैं।**



दरअसल, हुबली की एक महिला ने एक पारिवारिक अदालत का दरवाजा खटखटाकर पति से गुजारा भत्ता मांगा था। दोनों की शादी नवंबर 2005 में हुई थी और उनकी एक बेटी भी है। रिश्ते में परेशानियां आने के बाद पत्नी ने कानूनी कार्रवाई की शुरुआत की थीं। यहां कोर्ट ने 10 हजार रुपये का गुजारा भत्ता और बेटी के लिए 5 हजार रुपये अलग से दिए जाने की बात कही गई थी।

इसलिए महिला अलग हो चुके पति का आधार नंबर, एनरोलमेंट की जानकारी और फोन नंबर हासिल करना चाहती थी। उनका कहना था कि उन्हें नहीं पता फिलहाल उनका पति कहां रह रहा है, इसलिए वह अदालत के आदेश की कॉपी उनतक नहीं पहुंचा पा रही हैं। आदेश को लागू कराने के लिए वह यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पास भी गईं थीं।

25 फरवरी 2021 को यूआईडीएआई ने उनके आवेदन को खारिज कर दिया था और कहा था कि इसके लिए हाईकोर्ट के आदेश की जरूरत होगी। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था।

## Noida

### बारात में सड़क पर नोट उड़ाना पड़ा महंगा, 5 गाड़ियां जब्त; 14 कारों के 4 लाख के चालान

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी) दिल्ली से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी गांव में जा रही बारात के बारातियों को सड़क पर कारों के हूटर बजाकर स्टंट करना और नोट उड़ाना काफी महंगा पड़ गया। नोएडा पुलिस ने बारातियों की पांच गाड़ियों को जब्त कर लिया और 14 गाड़ियों के करीब चार लाख रुपये के ई-चालान भी काट दिए।। इस मामले में गाड़ी मालिकों के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है।**

बिसरख पुलिस के मुताबिक, रविवार की रात नोएडा के सेक्टर-37 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की तरफ आने वाली सड़क पर 14 से अधिक गाड़ियों का काफिला निकला। सभी गाड़ियों में हूटर बज रहे थे। गाड़ियों की खिड़की खोलकर युवक सड़क पर नोट उड़ा रहे थे। इससे यातायात अवरुद्ध हुआ और राहगीरों को परेशानी हुई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से पांच वाहनों को चिह्नित कर बिसरख क्षेत्र में रोक लिया।

डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि वाहन मालिकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसमें दिल्ली के शाहीन बाग के रहने वाले साकिब, आसिफ, शोएब अली, आबिद समेत कई अन्य के नाम हैं। इस मामले में 14 वाहनों के चार लाख रुपये के चालान काटे गए हैं और पांच वाहन सीज भी किए गए।

## Bihar

### पत्नी गई मायके, 50 साल के शख्स ने नाबालिग को घर बुलाकर किया रेप

**बेगूसराय, (एजेंसी)** बिहार के बेगूसराय में एक 14 साल की नाबालिग लड़की के साथ रेप का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले शख्स ने घर बुलाकर रेप किया. इस मामले पर एसपी ने कहा कि जल्द ही चार्जशीट दाखिल कर स्पीड ट्रायल से आरोपी को सजा दिलवाई जाएगी. बताया जा रहा है कि आरोपी शादीशुदा है और उसकी पत्नी मायके गई हुई थी. जिसके बाद बहाने से उसने नाबालिग को अपने घर बुलाया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. पीड़िता जब घर पहुंची और उसने मां को आपबीती बताई. इसके बाद तुरंत ही स्थानीय थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई. पीड़िता का मेडिकल करवाया गया और 50 वर्षीय आरोपी देवनारायण मालाकार को गिरफ्तार कर लिया.

## Paschim bangal

### बिल्ली को बचाने में 8वीं मंजिल से गिरी महिला, दर्दनाक मौत; पर कैट एकदम सुरक्षित

**कोलकाता, (एजेंसी)** पालतू बिल्ली को बचाने के चक्कर में कोलकाता की एक महिला की 8वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। बिल्ली इमारत के टॉप फ्लोर पर लगे शामियाने में फंस गई थी और महिला उसे निकालने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान वह 8वीं मंजिल से गिरी तो नीचे आ पहुंची। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। परिवार एक महीने पहले ही इस फ्लैट में किराये पर रहने आया था। कोलकाता के टॉलीगंज इलाके में हुई इस दर्दनाक घटना से हर कोई हैरान है। अंजना दास का खून से सना शव दो इमारतों के बीच में पड़ा पाया गया।

यह सुबह करीब 8 बजे की घटना है। लेव एवेन्यू रोड पर स्थित सोसायटी के गार्डों और अन्य लोगों ने धड़ाम से कोई चीज गिरने की आवाज सुनी। इस पर लोग दौड़े तो अंजना दास को जमीन पर गिरा पाया। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं जिस बिल्ली को बचाने के चक्कर में अंजना नीचे आ गिरी थी, उसे इमारत में मौजूद लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया। आसपास के लोगों ने बताया कि अंजना अपनी बिल्ली की रविवार शाम से ही तलाश कर रही थी। फिर उन्हें सोमवार को पता चला कि बिल्ली तो तिरपाल में फंसी हुई है। इस पर वह उसे निकालने की कोशिश करने लगीं और इसी दौरान वह नीचे आ गिरीं। अपार्टमेंट में ही रहने वाले एक शख्स ने बताया कि उसने देखा था कि अंजना ने चप्पल उतारी और वह तिरपाल तक पहुंचने की कोशिश करने लगीं।

## खेल

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टी20 पर बारिश का साया? मैच के समय ऐसा रह सकता है मौसम का हाल

**गुवाहाटी, (एजेंसी)** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला मंगलवार (28 नवंबर) को खेला जाएगा। दोनों टीमें गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया दो मैच जीतकर सीरीज में 2-0 से आगे है। उसकी नजर तीसरी मुकाबले को जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और उसकी नजर कंगारूओं को एक बार फिर से पटखनी देने पर है।




एक्यूवेदर के मुताबिक, 28 नवंबर को गुवाहाटी में मौसम साफ रहने की उम्मीद है। आसमान में बादलों के छाए रहने की संभवना भी नहीं है। भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे खेल शुरू होगा। उस समय अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है, जबकि खेल खत्म होने पर भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे के आसपास तापमान गिरकर 19 डिग्री सेल्सियस हो जाएगा। ऐसे में दर्शकों एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

गुवाहाटी के पिच से बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। ऐसे में इस मुकाबले में भी रनों की बारिश देखने को मिल सकती है। इस मैदान पर जमकर चौके-छक्के लगते हैं। यहां भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पिछले टी20 में 400 से ज्यादा रन बने थे। प्रशंसकों को एक और धमाकेदार मुकाबला देखने को मिल सकता है।

**भारतः** यशस्वी जयसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे।

**ऑस्ट्रेलियाः** स्टीव स्मिथ, मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंगलिश, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर/कप्तान), सीन एबॉट, नाथन एलिस, एडम जम्पा, तनवीर संघा, केन रिचर्डसन, जेसन बेहरेनडॉर्फ, ट्रेविस हेड, एरॉन हार्डी।

## सिनेमा

### बॉलीवुड फिल्म Animal के कार्यक्रम में पहुंचे तेलंगाना मंत्री के बयान पर विवाद, बोले- 'पूरे हिन्दुस्तान पर तेलुगु लोगों का राज होगा'



बॉलीवुड फिल्म Animal के एक कार्यक्रम में पहुंचे तेलंगाना के मंत्री मल्ला रेड्डी के बयान ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। उनका कहना है कि 'पूरे हिन्दुस्तान पर तेलुगु लोगों का राज होगा।' खास बात है कि रेड्डी का बयान ऐसे समय पर आया है, जब तेलंगाना में विधानसभा चुनाव में महज एक-दो दिनों का ही समय बचा है। सोशल मीडिया पर मंत्री के बयान का वीडियो आते ही प्रतिक्रियाओं का दौर भी शुरू हो गया है। मंच पर मंत्री ने कहा, 'रणबीर जी आपको एक बात बोलना चाहता हूं। अगला पांच साल में हिन्दुस्तान को, बॉलीवुड, हॉलीवुड पर राज करेगा हमारा तेलुगु लोग। आप भी एक साल के बाद हैदराबाद शिफ्ट होना पड़ता। क्यों बोले तो बॉम्बे पुराना हो गया। बेंगलुरु में ट्रैफिक जाम हो गया। हिन्दुस्तान में एक ही शहर है, वो है हैदराबाद।' इस दौरान उन्होंने फिल्मी कलाकारों की तारीफ की।

सोशल मीडिया पर एक ओर जहां रणबीर के 'शांत मिजाज' की तारीफ की जा रही है। वहीं, कुछ लोग मंत्री के बयान से नाखुश नजर आ रहा है। एनिमल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

# संपादकीय

## किसे पनौती कहेंगे?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान कि कहा कि अच्छा भला वहां पे हमारे लड़के आईसीसी वर्ल्ड कप जीत जाते... वहां पर पनौती ने हरवा दिया। टीवी वाले ये नहीं कहेंगे मगर जनता जानती है।' राहुल के इस कमेंट पर चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस थमा दिया। हालांकि इसके पहले मोदी ने राहुल को 'मूर्खों का सरदार' बताया था और राहुल द्वारा मोदी को पनौती बताने पर मप्र के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने राहुल को 'राष्ट्रीय शर्म' तक कहा था। भाजपा ने इस शब्द प्रयोग के लिए राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा तो उधर असम के मुख्यमंत्री और पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वास सरमा ने 'पनौती' के लिए पूरे गांधी परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'गांधी फैमिली के जन्मदिन पर देश में कोई शुभ काम हो ही नहीं सकता।' संयोग से 19 नवंबर को वर्ल्ड कप फाइनल वाले दिन इंदिरा गांधी की जयंती थी। इसी संदर्भ में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने उम्मीद जताई थी कि इस मौके पर टीम इंडिया ही चैंपियन बनेगी। इसमें यह छुपा संदेश भी था कि 1983 में जब भारतीय क्रिकेट टीम पहली बार वन डे वर्ल्ड चैंपियन बनी थी, तब इंदिरा गांधी ही देश की प्रधानमंत्री थीं। जवाब में भाजपा आईटी सेल की ओर से कहा गया कि 1982 में नई दिल्ली में हुए एशियाई खेलों में हॉकी के सेमी फाइनल में पाकिस्तानी टीम ने भारत को 7-1 से हराया था। उस वक्त स्टेडियम में पीए इंदिराजी और भावी पीएम राजीव गांधी मौजूद थे। भाजपा का सवाल था कि प्रतिप्रश्न किया कि यहां पनौती किसे कहेंगे? यूं किसी की मौजूदगी भर को हार जीत से जोड़ना टोटका हो सकता है, तार्किक आधार नहीं। फिर भी राहुल ने जो कहा वह सीधा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी आत्ममुग्ध कार्यशैली पर हमला था। क्योंकि फाइनल मैच में मोदी खुद स्टेडियम में मौजूद थे। राहुल की मानें तो पीएम मोदी की उपस्थिति भारतीय टीम के लिए अशुभ साबित हुई और वो पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेलने के बाद भी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मात खा गई। 140 करोड़ लोगों के अरमानों पर पानी फिर गया। इस आरोप में छिपा संदेश यही था कि मोदी की मौजूदगी देश के लिए शुभ नहीं है। यह आरोप अपने आप में राजनीतिक गुगली थी, जिसके जरिए प्रधानमंत्री के जनसमर्थन का स्टम्प उखाड़ने की कोशिश की गई। राहुल के इसी आरोप को तमाम विपक्षी पार्टियों ने अपने ढंग से दोहराया। शिवसेना ( उद्धव) और ममता बैनर्जी ने कहा कि यदि फाइनल मैच मुंबई या कोलकाता में होता तो टीम रोहित हर हाल में जीतती। हालांकि इस सवाल का कोई जवाब नहीं है कि यदि ऐसा होता भी तो क्या पीएम मोदी वहां भी जाते और जाते तो नतीजा क्या अहमदाबाद से अलग आता? दबी जबान से यह आरोप भी सामने आए कि अहमदाबाद में भारतीय टीम की संभावित जीत को राजनीतिक श्रेय में बदलने की पूरी तैयारी थी, जिसे टीम कमिंस ने पहले ही ध्वस्त कर दिया। कहा यह भी गया कि नमो स्टेडियम की जिस पिच नंबर पांच पर फाइनल मैच हुआ, उसी ने ऐन वक्त पर दगा दे दिया। वरना वर्ल्ड कप विजेता का सेहरा भारतीय टीम के सिर ही बंधता। चूंकि फाइनल नरेन्द्र मोदी के गृहराज्य अहमदाबाद के नमो स्टेडियम में रखा गया, पीएम वहां खुद मौजूद रहे, इसीलिए भारतीय टीम पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक दबाव बना, इसीलिए भारत विश्व विजेता बनते बनते रह गया। यानी कि छक्के के लिए मारा जाने वाला शॉट भी बाउंड्री पर कैच हो जाए तो वह हार की पनौती है। हालांकि टीम रोहित की हार के बावजूद प्रधानमंत्री ने ड्रेसिंग रूम में जाकर भारतीय खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की सदाशयता जरूर दिखाई। वैसे सुधि लोगों का मानना है कि नेताओं को खेलों से दूर ही रहना चाहिए। क्योंकि खेल से प्रतिष्ठा और पैसा मिल सकता है, वोट नहीं। वो चाहें तो जीत-हार के बाद खिलाड़ियों से मिल सकते हैं। दरअसल नेताओं के खिलाड़ियों को चीयर करने और आम खेल प्रेमियों के चीयर करने में बुनियादी फर्क यह है कि नेता चीयर करते- करते खुद 'चीयरलीडर' बनने का मोह नहीं टाल पाते। जबकि आम खेल प्रशंसक अपनी चहेती टीम को भी प्रभु के प्रसाद की तरह ही ग्रहण करता है। इसलिए 'राजनीतिक पनौती' और साधारण 'पनौती' में फर्क है। पनौती दुर्भाग्य की धारणा को मूर्त रूप देने का दुराग्रह है।

### Quote...

"Whoever is happy will make others happy too."

-Anne Frank

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## भक्ति एक तकनीक है, भजन के भव्य महल में प्रवेश करने के लिए एक विधि है...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### सैर सपाटा

# ये हैं भारत के 5 ऐसे टूरिस्ट प्लेस, जहां दिसंबर महीने में ले सकते हैं बर्फबारी का मजा

साल के आखिरी महीने यानी दिसंबर में लोग खासतौर पर ऑफिस से छुट्टी लेकर स्नोफॉल देखने का प्लान बनाते हैं। बावजूद इसके कई बार छुट्टियां खत्म हो जाती हैं और पर्यटकों का स्नोफॉल देखने का सपना अधूरा ही रह जाता है। ऐसे में अगर आप भी स्नोफॉल को काफी एंजॉय करते हैं और हर साल अपना तनाव दूर करने के साथ मूड फ्रेश करने के लिए हिल स्टेशन जाते हैं तो आज आपको बताने जा रहे हैं भारत की 5 ऐसी जगह, जहां आप ले सकते हैं बर्फबारी का मजा। उत्तरी भारत में ऐसे कई टूरिस्ट प्लेस हैं, जहां का बर्फबारी का नजारा देखने लायक होता है। पर्यटक इन स्थानों पर खूबसूरत जगहों को तो देखने आते ही हैं, लेकिन सबसे ज्यादा मजा उन्हें बर्फ में आता है।

### लेह, लद्दाख

अगर आप बर्फबारी के साथ एडवेंचर का मजा भी लेना चाहते हैं तो लद्दाख जाएं। इस मौसम में लेह सिटी और उसके आस-पास की जगहें देखने में बेहद खूबसूरत लगती हैं। यहां जाने के लिए आप सीधा फ्लाइट कर सकते हैं। लेह सर्दियों में जन्नत से कम नहीं लगता है। यहां अक्टूबर से ही यहां पर बर्फबारी शुरू हो जाती है।



### गुलमर्ग, कश्मीर

गुलमर्ग को विंटर वंडरलैंड कहा जाए तो गलत नहीं होगा। यह भारत का स्की डेस्टिनेशन है, जो भारत का स्विट्जरलैंड माना जाता है। गंडोला राइड्स, चीड़ के पेड़, बर्फ से ढकी हुई वादियां और सांस लेने के लिए शुद्ध हवा, हिमालय की पूरी खूबसूरती आपको यहां दिखने को मिलेगी।



### औली, उत्तराखंड

अगर गुलमर्ग के बाद ऐसी कोई डेस्टिनेशन है जहां पर्यटक स्नो स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हैं तो वो उत्तराखंड का ऑली है। ऑली में आपको कई बड़े रिजॉर्ट्स से लेकर नॉर्मल होम स्टे तक मिल जाएंगे। औली में आपको हिमालय की खूबसूरती के साथ बर्फीली वादियों की झलक भी देखने को मिलेगी।



### सिक्किम का युमथांग

भारत में बर्फबारी देखने के शौकीन लोगों के लिए सिक्किम का युमथांग शहर बेहतर जगह है। इस शहर में लगभग पूरे साल बर्फबारी होती रहती है। युमथांग को 'फूलों की घाटी' के नाम से भी जाना जाता है। यहां शिंगबा रोडोडेंड्रोन अभयारण्य है। इस अभयारण्य में यात्रियों को रोडोडेंड्रोन फूल की 24 प्रजातियां देखने को मिलेगी।



### मनाली, हिमाचल प्रदेश

भारत के सबसे लोकप्रिय हिल स्टेशनों में मनाली का नाम भी शामिल है। यह भारत में रहने वाले ज्यादातर लोगों का पसंदीदा पर्यटन स्थल है। सर्दियों के मौसम में यहां की पहाड़ियां बर्फ की चादर से ढक जाती है।



## Highlights

- '₹1,000 fine for workers, maids using main lift', says society notice; people react
- Heavy rains lash Chennai, excess water in reservoir may be released
- 20-yr-old NEET aspirant dies by suicide in Kota, 28th case this yr
- Kerala Mom Sentenced To 40 Years In Child Abuse Case
- 20-year-old woman Agniveer trainee dies by suicide at Navy base in Mumbai
- AC bus catches fire in UP, passengers jump out of windows

# India calls for concrete action on climate funding, transfer of technology ahead of COP28

**NEW DEIHI, (Agency).** At the COP26 summit in Glasgow in 2021, Prime Minister Narendra Modi had committed to an ambitious five-part "Panchamrit" pledge, including reaching 500 GW of non-fossil electricity capacity, generating half of all energy requirements from renewables, to reducing emissions by 1 billion tonnes by 2030. India also aims to reduce the emissions intensity of GDP by 45 per cent. Finally, India commits to net-zero emissions by 2070.

New Delhi [India], November 28 (ANI): Union Finance Minister Nirmala Sitharaman called for concrete action on climate funding and transfer of technology at the upcoming global climate summit COP28, where policymakers and governments will converge to chalk future strategy for climate mitigation.

The Finance Minister made the comments during a virtual session at the inaugural event of India Global Forum Middle East and Africa 2023 (IGF ME&A) held in Dubai on Monday.

"India will certainly be pushing forward to showcase what it has achieved with its own funds. The Paris commitment given by us has been funded by us. We didn't wait for the hundred billion that is never on the table. A lot of talk, but no money coming on the table. No pathways to show how technology is going to be transferred," Nirmala Sitharaman observed.

Climate finance typically refers to any financing that seeks to support mitigation and adaptation actions that will address climate change.

Demanding action instead of words, the Union Minister said, "Particularly for developing and emerging market economies, funding this is going to be a huge challenge. So, I would think the conversations can happen; a lot of talks can happen but eventually, COP28 should show the direction, both for the transfer of technology and for the actual funding."

The 2023 United Nations Climate Change Conference or Conference of the Parties of the UNFCCC, more commonly referred to as COP28, will be the 28th United Nations Climate Change Conference, which will be held from November 30 until December 12, in Dubai.

While she admitted that there would be challenges, Nirmala Sitharaman said that the current geopolitical tensions in the Middle East would not affect the ambitious India-Middle East-Europe Corridor (IMEEC) that was announced during the G20 Summit back in September.

# Germany is having a budget crisis. With the economy struggling, it's not the best time

**NEW DEIHI, (Agency).** Chancellor Olaf Scholz plans to lay out how he and his quarrelsome governing coalition aim to fix things in a speech to parliament Tuesday. The government must hastily find cuts in the almost-finished spending plan for next year, analysts say, which could further slow what is already the world's worst-performing major economy.

A long-term solution, however, could take years, possibly until after the next national elections scheduled for 2025. That's because the strict legal limits on borrowing cited in the November 15 court decision are enshrined in the country's constitution, and a two-thirds majority in parliament is required to soften them.

Economists say spending cuts will only add to the challenges facing Europe's largest economy after Russia cut off the cheap natural gas that fuelled its factories, squeezing businesses and raising the cost of living for households paying more for energy.

"We've voluntarily tied our hands behind our backs, and we're going into a boxing match," Vice Chancellor Robert Habeck said Friday, saying the debt rules were from a time when peace reigned and climate change wasn't taken seriously.

Alluding to massive government investment in green technology by the U.S. and China, he added, "The others have horseshoes in their gloves, and we don't even have our hands free. It's clear how that will end."

# बाप बेटे ने मिलकर की ठगी

## ◆ रिश्तेदार को लगा दी करोड़ों की चपत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भोपाल के एक व्यापारी ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी बहू और समधि के साथ ही करोड़ों रुपय की ठगी कर डाली।**

कनाडिया पुलिस के अनुसार इंदौर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं कंपनी निर्देशक रमन अरोरा की बेटी गौरी का विवाह भोपाल के व्यापारी वेदप्रकाश ग्रोवर के बेटे करण ग्रोवर से हुआ था। आरोप है कि व्यापारी वेद प्रकाश ग्रोवर अपने पुत्र करण ग्रोवर के साथ मिल शादी के दिन से ही गौरी अरोरा एवं उनके परिवार पर दहेज के लिए दबाव बना रहे थे। रमन ने अपनी क्षमता के अनुसार अपनी पुत्री के भविष्य को देखते हुए भरपूर दहेज देकर बेटी के ससुराल वालों को संतुष्ट करने का पूर्ण प्रयास किया। अपने विरुद्ध हो रही दहेज के लिए मारपीट और प्रताडन्ना के खिलाफ गौरी अरोरा ने पुलिस की सहायता लेने के लिए करण ग्रोवर तथा उनके पिता वेदप्रकाश पर दहेज प्रताडन्ना एवं मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज करवाया। वेदप्रकाश ग्रोवर अपनी बहु पर दवाब बना कर बिना कोई पैसे दिए अपने समधी रमन अरोरा की कंपनी में 20 प्रतिशत के भागीदार बन गए। आरोप है कि वेदप्रकाश ने कूट रचना कर स्वयं को 1.5 लाख रुपय प्रतिमाह की सेलरी दर्शाकर अपने ही समधी के साथ धोखाधड़ी कर डाली। जिसके विरुद्ध रमन अरोरा ने थाना शाहजहानाबाद भोपाल में धारा 420, 467 एवं 468 में मामला दर्ज करवाया है।

मायके जाते हुए बहू गौरी अपनी चेकबुक भूल गई थी जिसका ससुर एवं पति ने दुरुपयोग कर अपने साथी महेश तिवारी के माध्यम से गौरी की कंपनी का 981 करोड़ का चेक जारी करवा दिया। बैंक कर्मचारी को इतनी बड़ी रकम का चेक देख शंका हुई तो उन्होंने कंपनी की डायरेक्टर गौरी से जानकारी ली तो मालूम चला कि उन्होंने इस प्रकार के कोई चेक जारी नहीं किए हैं, बल्कि उनकी चेक बुक तो उनके ससुराल में है।

## महिला थाने की टीम ने प्रसाधन कक्षों में चलाया सफाई अभियान

### नारी सम्मान के विपरीत लिखें नकारात्मक विचारों की गंदगी पर चलाई, सफाई की कूँची



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में अपराधों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के साथ-साथ लोगों में सामाजिक जनजागरूकता के लिए, लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व महिला सुरक्षा शाखा के मार्गदर्शन में महिला पुलिस थाना द्वारा सामाजिक जनजागरूकता अभियान ऑपरेशन क्लीन ऑफ माइंड चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज महिला थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में टीम इंडस्ट्री हाउस क्षेत्र में पहुंची और वहां पर प्रसाधन कक्षों को चेक किया तो शौचालय की दीवार पर अभद्र/अश्लील शब्द व चित्र मिले, जिन्हें पेंट आदि से साफ कर, यह संदेश दिया कि हमें लोगों की नकारात्मक सोच को साफ करना है।

# बदमाशों ने तीन के मोबाइल लूटे

## छात्र चिल्लाया तो राहगिरों ने मदद की, तीन बदमाशों को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भंवरकुआ पुलिस ने लोगों की मदद से तीन बदमाशों को पकड़ा है। आरोपी इलाके से ही एक स्टूडेंट का मोबाइल लेकर भागे थे। इसके पहले वे दो लूट कर चुके थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उनसे और लूट की जानकारी भी मिली है। पुलिस के मुताबिक प्रियव्रत पाल राठौर निवासी कौशल्यापुरी चितावद की शिकायत पर आरोपी तरुण पुत्र धीरज शिंदे निवासी कुम्हार भट्टा पालदा, लक्की पुत्र सर्वेश भारती निवासी पवनपुरी और विकास उर्फ टडेल पुत्र कमल खेड़े पर केस दर्ज किया है। प्रियव्रत के मुताबिक वह मोबाइल पर बात कर करते हुए पैदल जा रहा था। इसी दौरान लुटेरों ने झपट्टा मारकर मेरे हाथ से मोबाइल लूट लिया। आरोपी भागकर आजाद नगर इलाके से भंवरकुआ वाले इलाके में घुसे। इससे पहले वे पंवार जिम और एक पेट्रोल पंप के यहां भी दो लोगों के मोबाइल लूट चुके थे। लेकिन प्रियव्रत के साथ लूट होने के बाद अन्य राहगीर साथ आए। सभी ने बदमाशों का पीछा किया। और उन्हें राजीव गांधी चौराहे पर दबोच लिया। पुलिस अफसरों के मुताबिक आरोपी पुराने लुटेरे हैं। आरोपियों से लूट के तीन मोबाइल जब्त किये गए हैं।

**लुटेरा ई स्कूटर से टकराया-** एमआईजी पुलिस ने भी लोगों की मदद से एक लुटेरे को पकड़ा है। वह बाइक से एक व्यक्ति का मोबाइल लेकर भागने के दौरान ई स्कूटर से जा टकराया। एमआईजी पुलिस के मुताबिक गोविंद सोमानी निवासी अशोक नगर एअरपोर्ट रोड की शिकायत पर पुलिस ने गीतेश पटेल को पकड़ा है।

## गोवंश से भरी गाड़ी पकड़ाई

**इंदौर।** भंवरकुआ पुलिस ने गोवंश से भरी गाड़ी को पकड़ा है। तीन तस्कर पशुओं को वध के लिए बेचने ले जा रहे थे। उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। भंवरकुंआ थाना में पदस्थ उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह चौहान की शिकायत पर आरोपी भूपेंद्र ओझा निवासी आकाश नगर द्वारकापुरी, प्रिंस ओझा निवासी सदर और पंकज निषाद निवासी प्रजापत नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी टाटा लोडिंग गाड़ी में तीन गोवंश को ठूंस ठूंस कर ले जा रहे थे। पुलिस को सूचना मिली तो आईटी पार्क चौराहा पर गाड़ी को रोका।

# पहले की दोस्ती, फिर ब्लैकमेल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एक युवती को बैंगलुरु के बिजनेसमैन ने शादी का झांसा देकर फोटो वीडियो लेकर ब्लैकमेल किया। युवती ने बताया कि मेट्रीमोनियल साइट पर मैंने शादी के लिए विज्ञापन दिया था। वहीं से आरोपी ने मेरा नंबर लेकर मुझसे बातचीत की। काफी समय तक बातचीत होने के कारण वह आरोपी पर भरोसा करने लगी थी।

रावजी बाजार पुलिस ने 25 साल की संभ्रात परिवार की युवती की शिकायत पर कपिल वालेचा निवासी बैंगलुरु के खिलाफ सेक्सटॉर्शन और ब्लैकमेलिग की धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई कहानी में बताया कि कपिल मूल रूप से बिलासपुर छत्तीसगढ़ का रहने वाला है।

जीवनसाथी डॉट कॉम पर पीड़िता ने शादी की प्रोफाइल बनाई थी। यहां युवती को कपिल वालेचा ने अक्टूबर 2023 को रिक्वेस्ट भेजी। इस दौरान बातचीत में उसने इंस्टाग्राम आईडी मांगी। मैसेज करने के बाद इंस्टाग्राम पर दोनों की चैटिंग होने लगी। फिर उसने वॉट्सएप नंबर मांगा। दोस्ती होने के चलते उसे वॉट्सएप नंबर भी दे दिया। इसके बाद दोनों की मोबाइल पर बात होने लगी। वहीं वॉट्सएप पर चैटिंग भी होती रही। इस दौरान पीड़िता को कपिल पर भरोसा हो गया।

कपिल वालेचा ने पहचान होने के 10 से 15 दिन बाद शादी को लेकर बात की। जिस पर उस पर भरोसा हो गया। इसके बाद रात में वह वॉट्सएप ओर इंस्टाग्राम से कॉल कर न्यूड होकर बात करने के लिये कहने लगा। शुरुआत में इंकार किया तो कहा कि यह सब सामान्य बातें है। वैसे भी शादी करना है तो भरोसा करना पड़ेगा। आरोपी ने युवती के वीडियो को स्क्रीन रिकॉर्डर से अपने मोबाइल में ले लिया और वीडियो के साथ छेड़छाड़ करके वायरल करने की धमकी देने लगा। इसी बात को लेकर वह दबाव बनाता रहा और वीडियो पर कॉल पर बात करने के लिए कहता रहा। इससे परेशान होकर पीड़ित युवती ने बात करना बंद कर दी। तब आरोपी कपिल ने कहा कि वह अगर ऐसा नहीं करेगी तो उसके वीडियो वायरल कर देगा। वहीं खुद तो शादी नहीं करेगा और कहीं करने भी नहीं देगा। युवती ने काफी परेशान होकर परिवार को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस अफसरों के पास पहुंचकर कपिल वालेचा शिकायत कर दी।

## टाउनशिप में दिखा तेंदुआ दूसरी बार नजर नहीं आया

**इंदौर।** रालामंडल के समीप सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप में दिखा तेंदुआ दूसरी बार कहीं नजर नहीं आया। न तो रहवासियों ने उसे कहीं प्रत्यक्ष रूप से देखा न ही सीसीटीवी कैमरे में कहीं उसका फुटेज मिला। वन विभाग का भी मानना है कि रालामंडल के एनीमल जोन से शिकार के पीछे-पीछे वह टाउनशिप तक आ गया होगा। इसके बाद वापस एनीमल जोन की ओर ही चला गया। सिमरोल स्थित आईआईटी, आर्मी परिसर में भी तेंदुए की हलचल बनी हुई है। वहां पर स्थायी रूप से पिंजरे लगे हुए हैं, लेकिन तेंदुआ पिंजरे के आसपास से घूमकर लौट जाता है। दोनों ही स्थानों पर पानी, शिकार होने के कारण तेंदुआ बार-बार आ रहा है। इसके बाद वन विभाग ने भी दूसरे स्थान पर पिंजरा लगा रखा है। वहीं मानपुर रेंज के आशापुरा, नंदलाई क्षेत्र में भी तेंदुआ देखा गया है। इंदौर वन मंडल की चारों रेंज में तेंदुआ कहीं-कहीं देखा जा रहा है। हालांकि विभाग द्वारा वन क्षेत्रों में तेंदुआ देखे जाने पर पिंजरा नहीं लगाया जाता है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।